मंगलवार

06 दिसम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




नप के ईओ की मनमानी से लोग परेशान, कैसे होगा समस्याओं का निदान 3



## चिराग बोले... सीएम नीतीश कुमार से नहीं संभल रहा सिस्टम

**अरवल।** बिहार में लगातार बढ़ते अपराध और आए दिन हो रही हत्याओं के लिए राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिम्मेदार हैं। सीएम नीतीश पर यह आरोप लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोमवार को अरवल में लगाया। पिछले सप्ताह अरवल में एक महिला और बच्चे की अपराधियों द्वारा जलाकर की गई हत्या के विरोध में पद यात्रा करने पहुंचे चिराग ने कहा कि बिहार में अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। राज्य में सिस्टम छिन्न-भिन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सिस्टम संभल नहीं रहा है, जिसका नतीजा है कि राज्य में आए दिन हत्याएं हो रही हैं और जघन्य अपराध चरम पर है। चिराग ने कहा कि पिछले सप्ताह में वे बेगूसराय गए थे। वहां भी एक महिला का अगवा कर करवा उसके साथ बलात्कार किया गया और अर्धनग्न अवस्था में खेत में छोड़ दिया गया। इसी तरीके से अरवल में महिला ने दुष्कर्म का विरोध किया तो उसे जलाकर मार दिया गया। लेकिन सत्ता में शामिल लोग एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। कहीं ना कहीं से यह अपराध का सत्ताधारी का मौन समर्थन है। अपराधियों ने अरवल में जघन्य अपराध को अंजाम दिया है क्योंकि इसमें प्रशासन के लोग सम्मिलित हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश सिंह बने बिहार कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष

**पटना।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री अखिलेश सिंह को कांग्रेस ने बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वे लालू प्रसाद के करीबी माने जाते है। बता दें कि बिहार में महागठबंधन का ढांचा तैयार करने में और बड़े दलों को महागठबंधन में बनाए रहने में अखिलेश प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह 15 मार्च 2018 को बिहार से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

## ललन सिंह लगातार दूसरी बार बने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना।** ललन सिंह लगातार दूसरी बार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इस पद के लिए वे निर्विरोध चुने गए हैं। तीन दिसंबर को उन्होंने नॉमिनेशन दाखिल किया था। उनके अलावा कोई दूसरा नॉमिनेशन नहीं हुआ। 5 दिसंबर को स्क्रूटनी के बाद उनके नाम की घोषणा चुनाव प्रभारी अनिल हेगड़े ने की। इससे पहले पिछले साल जुलाई में ललन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। पार्टी ने उनके कामकाज का आंकलन करते हुए फिर से उन पर भरोसा जताया है।

### विधानसभा उपचुनावः 2020 में हुए चुनाव की तुलना में 5 फीसदी कम पड़े वोट, आठ को रिजल्ट

# कुढ़नी उपचुनाव में 57.9 फीसदी मतदान

केटी न्यूज/पटना

कुढ़नी उपचुनाव में 57.9 फीसदी मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास ने निर्वाचन विभाग में मतदान समाप्त होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2020 में इस क्षेत्र के चुनाव में 64.19 फीसदी मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। जदयू प्रत्याशी व पूर्व मंत्री मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज कुशवाहा व भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक केदार प्रसाद गुप्ता समेत 13 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो गई है। वोटों की गिनती गुरुवार, 8 दिसंबर को की जाएगी और इसके लिए मतगणना केंद्र आरडीएस कॉलेज में बनाया गया है। वोटिंग के लिए मतदाता सोमवार सुबह से ही कतार में लग गए। दोपहर दो बजे तक वोटिंग कर अधिकतर मतदाता घरों को लौट गए और उसके बाद अधिकांश बूथ खाली ही रहे। हालांकि मतदान निर्धारित समय सुबह सात बजे से शुरू हो गया और यह शाम छह बजे तक चला।

सर्द मौसम में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ मतदान ने पहले घंटे में ही रफ्तार पकड़ लिया। सुबह आठ बजे तक ही करीब 10 फीसदी मतदाता वोट डालकर अपने काम पर लौट गए। हालांकि मतदाताओं की कतार बूथों पर दोपहर दो बजे तक लगी रही। सुबह चुनाव शुरू होते समय कुछ बूथों पर ईवीएम देर से काम करने की शिकायत कंट्रोल रूम को की गई, लेकिन जब मामले की जांच की गई तो शिकायत निराधार निकली। जिला कंट्रोल रूम से पूरे विधानसभा क्षेत्र से पल-पल की जानकारी ली जाती रही। 3.11 लाख वोटरों वाले इस विधानसभा क्षेत्र में जारी मतदान के दिन भी प्रत्याशियों ने खूब पसीना बहाया और वे बूथों पर दौड़ते-भागते रहे। एसएसबी और बिहार पुलिस की व्यवस्था प्रत्येक बूथ पर की गई थी।



**मैदान में 13 प्रत्याशी**

- जदयू प्रत्याशी मनोज कुशवाहा व भाजपा प्रत्याशी केदार प्रसाद गुप्ता समेत 13 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बोले- शांतिपूर्ण हुआ मतदान

### 2020 के चुनाव में राजद की हुई थी जीत

सुबह 7 बजे ठंड के कारण मतदान की प्रक्रिया धीमी गति से शुरू हुई। वहीं जैसे जैसे दिन चढ़ता रहा वैसे वैसे मतदान की गति जोर पकड़ती गई। हालांकि शाम में जब ठंड बढ़ी तो इसका असर मतदान पर भी पड़ा। इसी का नतीजा है कि जहां पहले दो घंटों में 11 प्रतिशत मतदान हुआ और उसके अगले दो घंटों में 13 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं उसके अगले दो घंटों में यानी 11 बजे से 1 बजे के बीच फिर से 13 प्रतिशत हुआ। इस प्रकार पहले सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे के बीच कुल 37 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह 3 बजे तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 48 तक पहुंच गया। वहीं 3 से 5 बजे के बीच करीब 5 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला और मतदान प्रतिशत 53 तक पहुंच गया।

**मुकेश सहनी की पार्टी बिगाड़ सकती है भाजपा-जदयू का खेल:** भाजपा के केदार गुप्ता और जदयू के मनोज कुशवाहा के बीच इस उपचुनाव में भाजपा और महागठबंधन के उम्मीदवार के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन मुकेश सहनी की पार्टी और एआईएमआईएम इनका खेल बिगाड़ सकती है। 2020 के विस चुनाव में कुढ़नी सीट पर राजद की जीत हुई थी। वहीं, भाजपा के उम्मीदवार केदार गुप्ता महज 712 मतों चुनाव हार गए थे। 2020 में एनडीए में भाजपा को जदयू का भी समर्थन हासिल था। इस बार जदयू और राजद एक साथ हैं। कांग्रेस व वामदल समेत सात दलों की ताकत भी शामिल है, जबकि भाजपा लोजपा के चिराग पासवान और पशुपति पारस की मदद से संघर्ष कर रही है।

### कुढनी में भाजपा जीती तो क्या नीतीश इस्तीफा देंगे : सुशील

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा गोपालगंज के बाद एक और उपचुनाव में पार्टी की शानदार जीत का दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2014 के संसदीय चुनाव में जदयू के सिर्फ दो सीट जीतने पर नीतीश कुमार ने हार की जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था, वैसे ही कुढनी में हार के बाद क्या वे फिर इस्तीफा देंगे। मोदी ने बयान जारी कर कहा, नीतीश कुमार के महागठबंधन ने कुढनी में करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये। सारे हथकंडे अपनाए गए, फिर भी यहां मतदाताओं ने भारी मतों से भाजपा की जीत पक्की कर दी। गोपालगंज की तरह कुढनी में भी भाजपा विजयी रहेगी। मुख्यमंत्री इस्तीफा देने के लिए तैयार रहें।

### एक्जिट पोलः गुजरात में फिर प्रचंड बहुमत से भाजपा की बनेगी सरकार




एजेंसी/अहमदाबाद

गुजरात में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सत्ता में आ सकती है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मुकाबला कांटे का रहा है। कांग्रेस सत्तारुढ़ पार्टी को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ रही है। सोमवार देर शाम जारी एक्जिट पोल से यही बात निकलकर सामने आती है। हालांकि, वास्तविक नतीजे 8 दिसंबर को जारी किए जाएंगे।

न्यूज एक्स-जन की बात के एक्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। भाजपा को इस बार 117-140, कांग्रेस को 34-51 और आम आदमी पार्टी को 6-13 सीटें मिल सकती हैं। रिपब्लिक टीवी और पी-मारक्यू के एक्जिट पोल मे भी गुजरात में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा किया गया है। कहा गया है कि इस बार भाजपा को 128-148, कांग्रेस को 30-42 और आम आदमी पार्टी को 2-10 सीटें सकती हैं। टीवी-9 गुजराती के एक्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में एक बार फिर भाजपा की लहर देखने को मिली है। यहां सत्तासीन पार्टी को 125-130, कांग्रेस को 40-50 और आम आदमी पार्टी को 3-5 सीटें मिलने का पुवार्नुमान व्यक्त किया गया है। इंडिया टूडे ग्रुप-एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के मुताबिक, गुजरात में भाजपा को 128-144, कांग्रेस को 30-42 और आम आदमी पार्टी को 2-10 सीटें मिल सकती हैं।

### हिमाचल प्रदेश में भाजपा को मिलेगी कड़ी टक्कर

हिमाचल प्रदेश में भाजपा को कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिलती हुई नजर आ रही है। इंडिया टूडे- एक्सिस माय इंडिया के मुताबिक, राज्य में भाजपा को 24-34, कांग्रेस को 30-40 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया है। इंडिया टीवी-मैट्रिज के सर्वे के मुताबिक, भाजपा को 35-40, जबकि कांग्रेस को 26-31 सीटें मिल सकती हैं। न्यूज एक्स-जन की बात के मुताबिक, भाजपा को 32-40, कांग्रेस को 27-34 सीटें मिल सकती हैं। रिपब्लिक टीवी- मारक्यू के मुताबिक, भाजपा को 34-39, कांग्रेस को 28-33 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

## लालू यादव का सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट

केटी न्यूज/पटना

लालू यादव का सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट का सफल ऑपरेशन हो गया है। उन्हें ऑपरेशन के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। ये जानकारी लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर दी। लालू यादव को उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने किडनी डोनेट की है। रोहिणी आचार्य और लालू यादव दोनों स्वस्थ हैं।

लालू यादव किडनी समेत कई बीमारियों से पीड़ित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्टूबर में सिंगापुर गए लालू यादव को डॉक्टर्स ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी थी, जिसके बाद उनकी बेटी रोहिणी ने अपने पिता को अपनी किडनी दान करने की बात कही थी। बेटी रोहिणी आचार्य ने ट्विटर पर बताया था कि वह पिछले कई सालों से किडनी की बीमारियों और अन्य बीमारियों से पीड़ित अपने पिता की जान बचाने के लिए अपनी एक किडनी दान करेंगी।



**ऑपरेशन सफल**

- ऑपरेशन के बाद लालू प्रसाद को आईसीयू में किया गया शिफ्ट
- बेटी रोहिणी आचार्य ने लालू प्रसाद को डोनेट की है किडनी

**हजरत मखदूम साह की दरगाह पर चादरपोशी:** लालू प्रसाद की बेहतर स्वास्थ्य की दुआ करते हुए सोमवार को राजद कार्यकर्ता और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर हजरत मखदूम साह शहाबुद्दीन पीर जगजोत रहमतुल्ला अलेह कच्ची दरगाह मजार पर चादर पोशी की। उन्होंने उनके बेहतर स्वास्थ्य की मंगल कामना के लिए दुआ की है। राजद नेता मोहम्मद मुन्ना मुस्ताक ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का इस मजार से काफी पुराना रिश्ता रहा है। मुख्यमंत्री रहते हुए लालू यादव हमेशा इस मजार पर चादर पोशी के लिए आते थे। इसलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि उनकी बेहतर स्वास्थ्य कामना के लिए हमलोग भी दुआ करें।

### उत्तर प्रदेश में लोकसभा की एक और विधानसभा की दो सीटों पर हुआ मतदान, आठ को घोषित होंगे परिणाम

# मैनपुरी में 57, खतौली में 56, रामगढ़ में 34 फीसदी वोटिंग

एजेंसी/लखनऊ

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर जसवंतनगर में वोटरों में उत्साह देखने को मिला। सुबह सात बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही। आयोग के मुताबिक, शाम छह बजे तक यहां पर कुल 57.30 फीसदी लोगों ने मतदान में अपना योगदान दिया। हालांकि यह आंकड़ा पिछली बार से कम रहा। पिछली बार यहां 57.70 फीसदी मतदान हुआ था।

मैनपुरी में सपा मुखिया अखिलेश यादव और प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद बकायदा प्रेस कांफ्रेंस करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी वाले लाल टोपी पहनकर बवाल कर रहे हैं। चुनाव आयोग से बीजेपी डेलीगेशन के मिलने पर प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि यह दिखावा है। वहीं लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य ने अपने स्वर्गीय परिजनों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और इसके बाद परिवार सहित वोट डालने पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि किसान के बेटे को सपा आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहती। इसीलिए इस उपचुनाव में उन्हें परेशान करने की कोशिश की गई। सपा की योजनाओं को वे अच्छी तरह जानते हैं। सपा की कार्यशैली हमेशा गुंडई वाली रही है। मेरी यह हैसियत नहीं है कि मैं किसी को शराब या पैसे बांट सकूं। सपा ने ही हमेशा ऐसा किया है। इसीलिए आरोप लगाया जा रहा है।

### मतदाताओं को वोट नहीं डालने दे रही पुलिस : सपा

सपा ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि पुलिस सूरजपुर मनौना में बूथ संख्या 257,258 के मतदाताओं को वोट नहीं डालने दे रही । वोट डालने निकल रहे मतदाताओं को पुलिस पीटकर घायल कर रही है। चुनाव आयुक्त संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। इसके बाद भाजपा ने भी चुनाव आयोग से शिकायत कि मैनपुरी में वोट नहीं डालने दिया जा रहा है। भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपा।

### खतौली में कांटे का मुकाबला

खतौली विधानसभा के उपचुनाव के लिए सोमवार को 369 बूथों पर मतदान हुआ। यहां कुल 56.46 फीसदी मतदान हुआ है। बताया जा रहा है कि भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला है।

**रामपुर में नहीं दिखा वोटरों का उत्साह:** सोमवार को रामपुर में हुए उपचुनाव में 33.94 प्रतिशत वोटिंग हुई। यहां मुख्य मुकाबला सपा के उम्मीदवार आसिम रजा और बीजेपी के आकाश सक्सेना के बीच हुआ। रामपुर विधानसभा सीट से सपा नेता आजम खान 10 बार विधायक चुने गए हैं।


डिजिटल संस्करण

संपर्क सूत्र

9122915443

8340732065

केशव टाइम्स

आपकी आवाज

अपने गांव

अपने शहर

की हर खबर

पढ़ें और पढ़ाएं

वेब पोर्टल : keshavtimes.com

यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर

आपकी समस्याओं का होगा निदान

हमारे रिपोर्टर गाजिपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल पटना में

शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम है आपके लिए 24 घंटे तत्पर

keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## खबरें फटाफट

### व्यवहार न्यायालय परिसर में लगाए गए पौधे

जहानाबाद।शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 79वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण किया गया। रविवार को इस कार्यक्रम के तहत व्यवहार न्यायालय के परिसर में कुल15 पौधों को लगाया गया। साथ ही, पूर्व में लगाये गये पौधों की निराई-गुड़ाई के साथ पटवन भी किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य कौशल कुमार ने कहा कि गायत्री परिवार के द्वारा समाज निर्माण के लिए सात आन्दोलन चलाए जा रहे हैं। जिसमें से पौधरोपण आन्दोलन प्रत्येक रविवार को विभिन्न स्थानों पर चलाए जाते हैं।

### सेमीफाइनल में पहुंचा किंगफिशर स्मार्ट ब्रदर क्लब

आरा। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में राधा शरण सिंह कप जिला फुटबॉल सुपर लीग कम नॉक - आउट का आयोजन किया गया है। रविवार को हुआ मैच महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब बनाम किंगफिशर स्मार्ट ब्रदर फुटबॉल क्लब आरा के बीच खेला गया। इस मैच के 14 मिनट में सोनू कुमार ने किंगफिशर टीम के लिए पहला गोल किया। खेल के 36 मिनट में महेंद्र नारायण फुटबॉल टीम के डिफेंडर के गलती के कारण पेनल्टी एरिया में हैंडबॉल होने के कारण किंगफिशर टीम को पेनाल्टी मिला और किंगफिशर टीम के खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार ने पेनल्टी के जरिए अपने टीम किंगफिशर को मैच में दो गोल से बढ़त दिला दी। मैच के 67वें मिनट में तीसरा गोल धर्मेंद्र कुमार ने किया। मैच के अंतिम क्षण 88 मिनट में चौथा गोल किंगफिशर टीम के खिलाड़ी अपूर्व कुमार ने किया। किंगफिशर टीम 4-0 से विजई रही और सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने वाली पहली टीम बनी।

### युवती से छेड़खानी, खींचा दुपट्टा

आरा। शहर में टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज में सोमवार दोपहर एक युवती के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर जान मारने की धमकी भी देने का आरोप लगाया गया है। युवती उसी थाना क्षेत्र के चिकटोली की रहने वाली है। उसे लेकर युवती की ओर से नगर थाने में एक आवेदन दिया गया है। उसमें कहा गया है कि सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे वह चावल पिसवाने वलीगंज स्थित एक आटा मिल में गयी थी। उसी दौरा अहिरपुरवा और वलीगंज के चार लड़कों की ओर से अभद्र टिप्पणी की की जाने लगी। विरोध करने पर छेड़खानी की गयी और दुपट्टा खींच लिया गया। तब उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंच, तब चारों लड़के धमकी देते भाग निकले।

# सामुदायिक जागरूकता से ही जीती जा सकती है टीबी से लड़ाई : डॉ राकेश

- टीबी बीमारी से लड़ाई जीत चुके लोगों को आना होगा आगे, तभी होगा जिला टीबी मुक्त

**केटी न्यूज/सासाराम**



2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चला टीबी से पीड़ित मरीजों का पता लगाकर उनका इलाज किया जा रहा है। ताकि टीबी का एक भी मरीज छूटे नहीं। टीबी बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें टीबी के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। इसके लिए टीबी बीमारी से लड़ाई जीत चुके लोगों का सहारा लेकर भी लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है, ताकि टीबी से पीड़ित लोग इस बीमारी को छुपाए नहीं और समय रहते इसका इलाज कराएं। इधर रोहतास जिले में भी टीबी को जड़ से मिटाने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र लगातार प्रयासरत है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी 1400 के आसपास टीबी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में प्रतिमाह 40 से 50 टीबी के मरीज मिल रहे हैं।

### शिवसागर प्रखंड के संजीत लोगों को कर रहे जागरूक

शिवसागर प्रखण्ड के संजीत कुमार को कुछ साल पहले टीबी हो गया और वो टीबी के एमडीआर स्टेज में थे। टीबी बीमारी की जानकारी होते ही उन्होंने जीने की उम्मीद ही छोड़ दी थी क्योंकि उन्होंने सुन रखा था कि टीबी से ग्रसित मरीज की मृत्यु हो जाती है। परंतु किसी तरह उन्हें जानकारी मिली कि सरकारी अस्पताल में टीबी का नि:शुल्क इलाज होता है। सदर अस्पताल में संजीत कुमार का इलाज शुरू हुआ तकरीबन साल भर इलाज के बाद टीबी बीमारी को मात देते हुए संजीत पूरी तरह स्वस्थ्य हो चुके हैं आज संजीत टीबी बीमारी से ग्रसित लोगों की तलाश कर उनका मार्गदर्शन कर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संजीत अब टीबी चैंपियन बन कर टीबी उन्मुख अभियान में सरकार की मुहिम में अपना योगदान दे रहे हैं।

**लोगों को आना होगा आगे :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी बीमारी लेकर लोग अभी भी बताने से कतराते हैं। ऐसे में यह रोग जानलेवा साबित हो जाता है, क्योंकि समय से टीबी का इलाज न कराया जाए तो इससे इंसान की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना डर भय के जांच कराएं। डॉ कुमार ने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर रोहतास जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें टीबी से ठीक हो चुके मरीजों की भी सहायता ली जा रही है। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो टीबी बीमारी से ग्रसित और सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं, वैसे लोगों को आगे आना होगा। उन्हें अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना होगा, क्योंकि जब तक लोगों में जागरूकता नहीं आएगी टीबी से लड़ाई नहीं जीती जा सकती है। उन्होंने बताया कि टीबी से ठीक हो चुके मरीजों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने आसपास के लोगों को टीबी की बीमारी के बारे में जानकारी दें और इसके बचाव और इलाज के बारे में भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

## ऑपरेशन क्लीन के तहत जेल से मोबाइल बरामदगी के मामले में कार्रवाई

# जेल से मोबाइल के जरिए आपराधिक षड़यंत्र करने के मामले में नौ के खिलाफ प्राथमिकी

- कारा प्रशासन की छानबीन में इन बंदियों द्वारा मोबाइल इस्तेमाल करने की हुई पुष्टि

**केटी न्यूज/आरा**



मंडल कारा में बैठ मोबाइल के जरिए आपराधिक षड़यंत्र करने और गिरोह चलाने वाले बंदियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। जेल ट्रांसफर के बाद इन बंदियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी तेज कर दी गयी है। जेल में मोबाइल इस्तेमाल करने के मामले में कुख्यात धनजी यादव, हरेश मिश्रा, पवन चौधरी व नीरज पांडेय सहित नौ बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। नामजद बंदियों में हत्या व रंगदारी के आरोपितों के अलावे हेरोइन तस्कर और बालू माफिया भी शामिल हैं। कारा उपाधीक्षक रौशन कुमार कर्ण की तहरीर पर टाउन थाने में इन बंदियों के खिलाफ आइपीसी की धारा 414, 424, 507, 120 बी और 42/52 प्रिजनर एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी में कहा गया है किजिलाधिकारी के आदेश पर चलाये गये ऑपरेशन क्लीन के दौरान बरामद 35 मोबाइल की जांच की गयी। उसमें कुछ मोबाइल का उपयोग इन बंदियों द्वारा करने की बात सामने आयी है। बताते चलें दें कि इन बंदियों में में एक-दो को छोड़ अधिकतर को रविवार की सुबह भी भागलपुर जेल भेज दिया गया है। इधर, कारा प्रशासन द्वारा अन्य बरामद मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले बंदियों की भी पहचान की जा रहा है।

**गैंगस्टर, हेरोईन तस्कर व बालू माफिया भी जेल में कर रहे मोबाइल का उपयोग :** मंडल कारा में बंद गैंगस्टरों के अलावे नशे के कारोबार और बालू माफियाओं द्वारा भी मोबाइल का इस्तेमाल किया जा रहा था। मोबाइल बरामदगी को लेटर दर्ज की गयी प्राथमिकी से यह बात सामने आयी है। प्राथमिकी में शाहपुर थाने के सोनवर्षा गांव निवासी हरेश मिश्रा, उसी गांव के बसंत मिश्रा, नगर थाने के शीतल टोला निवासी धनजी यादव, उदवंतनगर थाने के बेलाउर गांव निवासी पवन चौधरी, नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ कुशवाहा धर्मशाला निवासी दीपक महतो, बड़हरा थाने के बखोरापुर गांव निवासी विष्णु सिंह, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी नारद यादव, कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया गांव निवासी कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय के पुत्र नीरज पांडेय और गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव निवासी रंजन सिंह उर्फ रजनीकांत सिंह को नामजद किया गया है। इन सभी बंदियों पर जेल में मोबाइल का इस्तेमाल और आपराधिक षड़यंत्र करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले 28 नवंबर को भी आठ मोबाइल बरामदगी के मामले में धनजी यादव सहित 14 बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

### जेल में बंद पूर्व नपं चेयरमैन की हत्या के आरोपित के पास से मिला मोबाइल

आरा। मंडल कारा क तलाशी अभियान के दौरान फिर एक मोबाइल बरामद किया गया है। इस बार हेरोईन तस्करी व हत्या के आरोपित विनोद धानुक के पास से सिमकार्ड सहित एक मोबाइल बरामद किया गया है। शाहपुर के वार्ड नंबर दस निवासी विनोद धानुक नपं के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की हत्या में आरोपित किया गया है। इसे लेकर मंडल कारा उपाधीक्षक के बयान पर विनोद धानुक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कहा गया है कि शनिवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे की तलाशी के दौरान वार्ड संख्या छह के संसीमित विचाराधीन बंदी विनोद धानुक के पास से जियो कंपनी का कीपैड वाला एक मोबाइल बरामद किया गया है। बता दें शनिवार की रात ही एक अन्य बंदी के पास से ही एक मोबाइल बरामद किया गया था। उसी रात डीएम और एसपी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम द्वारा जेल की जांच भी की जा रही थी। वहीं 28 नवंबर से अबतक मंडल कारा से कुल 45 मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं।

# हत्या सहित विभिन्न कांडों में 40 आरोपित गिरफ्तार



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जारी अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न कांडों के 40 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान 44 लीटर महुआ शराब भी बरामद की गयी है। अवैध शराब की 43 शराब भट्टियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही 42सौ लीटर महुआ पास विनष्ट किया गया। इस दौरान

बालू लदे दो ट्रैक्टर और तीन ट्रक बरामद जब्त किये गये हैं। वाहन चेकिंग के दौरान साढ़े 17 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। एसपी के अनुसार सितंबर में 1267, अक्टूबर में 1364, नवंबर में 1295, दिसंबर माह में अबतक 141 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रेस बयान के अनुसार संदेश थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। नवादा थाना पुलिस एक लीटर शराब के साथ मो. तौफीक गिरफ्तार कर लिया। सिन्हा ओपी की पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब के साथ सिन्हा गांव निवासी चंदन कुमार, नंद जी यादव, शशिकांत रजक और घांघर गांव निवासी दहारो बिंद को गिरफ्तार कर लिया।

तरारी थाना पुलिस ने तीन लीटर महुआ शराब और 1.44 लीटर विदेशी शराब के साथ तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी शिवचरण राम और अनिल को गिरफ्तार कर लिया। इमादपुर थाना पुलिस ने तीन लीटर महुआ शराब के साथ इमादपुर निवासी जयकुमार भूईया को गिरफ्तार कर लिया। जगदीशपुर थाना पुलिस ने 7 लीटर महुआ शराब बरामद किया। अजीमाबाद थाना पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रक तथा तरारी थाना पुलिस ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त किया।

# भारत सरकार के पर्यटन सचिव ने बखोरापुर मंदिर में टेका माथा



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित बखोरापुर मंदिर प्रांगण में रविवार को भारत सरकार के पर्यटन सचिव अरविंद सिंह पहुंचे। जिनका मंदिर ट्रस्ट के ओर से भव्य स्वागत किया गया। पर्यटन सचिव के आगमन को लेकर सुबह से ही भव्य तरीके से तैयारियां की गई थी। पर्यटन सचिव के पहुंचने से पहले भोजपुर डीएम तथा एसपी मंच पर पहुंचे। साथ ही, पर्यटन सचिव के पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने पर्यटन सचिव को फूल माला तथा माता की चुनरी देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात डीएम व एसपी को भी माता को चुनरी देकर सम्मानित किया गया। पर्यटन सचिव माता रानी के दर्शन करने के बाद पूरे मंदिर परिसर का घूमकर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मां काली बखोरापुर वाली का पूरे भारत में प्रचार प्रसार है। पूरे भारत के लोग यहां दर्शन करने हेतु जुटते हैं। यह भोजपुर के लिए गर्व की बात है। माता रानी के दरबार के लिए हमारे तरफ से जितना भी संभव हो सकेगा हम पर्यटन विभाग के तरफ से प्रयास करेंगे। इस मौके पर रविशंकर सिंह, रामकुमार सिंह, लक्ष्मण तिवारी, अमरजीत सिंह, कमल किशोर सिंह, राणा प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य सभा बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के शीशमहल चौक स्थित हरखेन कुमार जैन धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य सभा बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरा-बक्सर के विधान पार्षद राधा चरण साह उर्फ सेठ जी उपस्थित हुए। सभा की शुरूआत ₹अभ्युदय₹ झंडा तोलन कर प्रदेश अध्यक्ष सीताराम साह ने किया। संचालन महासचिव रूपेश कुमार ने किया। बैठक में पूरे बिहार से प्रतिनिधि उपस्थित हुए सभी उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत आरा नगर कमेटी द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।

इस मौके पर विधान पार्षद राधाचरण साह ने अपने संबोधन में समाज को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होने पर बल दिया, साथ ही एकजुट हो अपनी राजनीतिक भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिए कहा। प्रदेश कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा संपन्न हुई। वहीं, प्रदेश कमेटी का कार्यकाल पूर्ण होने पर जल्द से जल्द नया चुनाव संपन्न कराने पर सहमति बनी। जिसके लिए प्रदेश महासचिव रूपेश कुमार ने सभी जिलों से चुनाव कार्यक्रम के लिए आवेदन मांगे। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द स्थल चयन कर नई चुनावी तिथि की घोषणा की जाएगी। इसके लिए सभी जिला एवं प्रदेश प्रतिनिधि तैयार रहें। प्रदेश कमेटी में उपस्थित उपाध्यक्ष रामानंद गुप्ता, दारोगा साह, नागेश्वर नाग, अनिल कुमार, सुरेश साह, यशवंत कुमार, प्रभुनाथ प्रसाद, डा. विजय गुप्ता, राजेश कुमार, डा. मनोज गुप्ता, उमेश प्रसाद, राजेंद्र शाह, अरविंद कुमार साह, मुकेश कुमार गुप्ता, नरेंद्र जी, जग नारायण प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### भोग और मोक्ष के परम साधन हैं भागवत भगवान : आचार्य भारतभूषण



**आरा।** श्रीसीताराम विवाह महोत्सव के अवसर पर महावीर स्थान रमना में आयोजित श्रीमद्भागवत-कथा के नौवें दिन प्रवचन करते हुए आचार्य डॉ. भारत भूषण जी महाराज ने कहा कि भगवान ने देह, प्राण, इन्द्रियों और मन की सृष्टि कर भोग और मोक्ष का साधन प्रदान किया है। शास्त्रों के गहन अनुशीलन और महापुरुषों से श्रवण कर संसार को सार्थक करनेवाले भोग-मोक्ष की प्राप्ति की जाती है। भगवान की शब्दमयी मूर्ति भागवत हैं। इनमें भगवान का साक्षात निवास है। आज की कथा में रासलीला रहस्य, कंस का उद्धार, भ्रमर गीत, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर उपाख्यान, भगवान दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं की कथा परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों पर तात्त्विक विवेचन करते हुए आचार्य ने कहा कि जीव मात्र के परम आश्रय भगवान ही हैं। वे सबके सन्निकट रहते हैं और सभी संकटों से रक्षा करते हैं। संत-सद्गुरु की कृपा से भगवान का साक्षात्कार और उनकी महिमा तथा कृपा का अनुभव होता है। कथा भगवत्तत्त्व को हृदय में प्रतिष्ठित करती है तथा जन्म-जन्मांतरों और लोक-लोकान्तरों में संबल प्रदान करती है। कथा कामधेनु व कल्पवृक्ष के समान फल देनेवाली है। इसका सेवन निरंतर करना हम सभी का कर्तव्य है। आज कथा में गीता जयंती के अवसर पर आचार्य ने कर्म योग पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि फलासक्ति और कर्मासक्ति का त्याग कर धृति और उत्साह के साथ वर्णाश्रमोचित कर्तव्य कर्मों को करना ही कर्मयोग है। अपने कर्तव्य से कभी च्युत नहीं होना चाहिए।

### गीता भारतीय विचारधारा में सबसे अधिक प्रभावशाली ग्रंथ : हनुमंत राव



**जहानाबाद।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा, जहानाबाद एवं मानस विद्यालय, बभना द्वारा मानस विद्यालय, बभना के सभागार में गीता जयंती समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नवल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि हनुमंत राव, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी रहे। इस दौरान हनुमंत राव ने कहा कि गीता सबसे अधिक सुंदर और यथार्थ अर्थों में संभवतः एकमात्र दार्शनिक गीत है, जो किसी ज्ञात भाषा में लिखा गया है। यदि किसी ग्रंथ का मनुष्य के मन पर कितना अधिकार है, इसे उस ग्रंथ के महत्व की कसौटी समझा जाए तो कहना होगा कि गीता भारतीय विचारधारा में सबसे अधिक प्रभावशाली ग्रंथ है। यह एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें वेद, उपनिषद्, वेदांत का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि गीता के उपक्रम और उपसंहार को देखा जाए, तो मोह-निरसन ही उसका तात्पर्य निकलता है। यह ग्रंथ अध्यात्म, धर्म,जीवन के प्रति सत्य दृष्टि का विवेचन कर मानव मात्र का कल्याण किया और करता रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि गीता के सम्पूर्ण उपदेश का प्रयोजन यह समझा जाना चाहिए कि मनुष्य को किसी भी प्रकार अपने कर्तव्य कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिए।

# विकलांगता से बचाव के लिए मरीजों का स्वच्छता का पालन एवं व्यायाम जरूरी

- फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों ने विकलांगता दिवस पर समुदाय को किया जागरूक
- दारुल उलूम अल इस्लामिया मदरसे के छात्रों को किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/पटना**



विकलांगता किसी भी व्यक्ति के लिए अभिशाप साबित हो सकती है। इसके बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु हर वर्ष तीन दिसंबर को विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है। विश्व में विकलांगता के कारणों में फाइलेरिया एक प्रमुख कारण है। फाइलेरिया से होने वाले हाथीपांव के कारण रोगी की विकलांगता उसके पूरे जीवन को प्रभावित करती है। विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क के सदस्यों द्वारा समुदाय को फाइलेरिया को लेकर जागरूक किया गया।

**दारुल उलूम अल इस्लामिया मदरसे के छात्रों को किया गया जागरूक :** दारुल उलूम अल इस्लामिया मदरसे के प्रधानाध्यापक मुफ़्ती मीनातुलिया ने कहा कि फाइलेरिया का प्रबंधन इसके रोगी को सामान्य जीवन जीने में मदद करता है। फाइलेरिया एक बार हो जाने के बाद ठीक नहीं हो सकता है, इसलिए सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमडीए अभियान के दौरान दवा का सेवन सभी लोग करें। फाइलेरिया व्यक्ति को विकलांग कर सकता है और इससे व्यक्ति की रोजी रोटी भी प्रभावित होती। इसलिए जरूरी है कि लोग इस रोग की गंभीरता को समझें और जागरूक बनें। फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क के सदस्यों ने मदरसे के 165 छात्रों को फाइलेरिया के बारे में जागरूक किया।

**लोगों ने ली फाइलेरिया की दवा के सेवन की शपथ:** आलमपुर पंचायत के लहिरयारचक गाँव में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दीपक मांझी, जिला पार्षद, फुलवारीशरीफ ने सभी नेटवर्क समूह के सदस्यों को शपथ दिलाई कि सभी लोग एमडीए अभियान के तहत आशा दीदी द्वारा दी जानेवाली दवा का सेवन करेंगे और अपने परिवारवालों एवं पड़ोस के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में सदस्यों ने नेटवर्क से जुड़ने के उपरांत के अपने अनुभवों को लोगों से साझा करते हुए बताया कि नेटवर्क से जुड़कर अपने रोग के प्रबंधन के बारे में मिली जानकारी उन्हें पहले की अपेक्षा अब बेहतर जीवन जीने में मदद कर रही है। इस अवसर पर दीपक मांझी, जिला पार्षद, फुलवारीशरीफ, सूरज कुमार, प्रमुख फुलवारीशरीफ, अन्य वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

# नप के कार्यपालक पदाधिकारी की मनमानी से लोग परेशान, कैसे होगा समस्याओं का निदान

**केटी न्यूज/बक्सर**

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार हुआ। समस्याओं का भी विस्तार हुआ। परंतु पूर्व में इसका निदान नहीं होता है और अब भी नहीं हो रहा है। क्षेत्र के लोग कार्यालय में आते हैं, कर्मियों से पूछताछ करते है और गुस्साते हुए वापस चले जाते है। क्योंकि साहब न तो फोन उठाते है और न ही किसी से मिलते ही है। बक्सर एनआईसी की वेवसाइट पर ईओ मनोज कुमार का नंबर - 8969345772 दर्ज है। जिस पर व्हाट्सऐप भी चलता है। लेकिन


मनोज कुमार, ईओ

समस्याओं को निष्पादन की बात तो दूर जनता की समस्याओं को भी सुनने वाला भी कोई नहीं है। खुद


नगर परिषद, डुमरांव

कार्यपालक पदाधिकारी न तो आम लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और न ही लोगों से मिल रहे हैं। खासकर नगर परिषद बोर्ड भंग हो जाने के बाद कार्यपालक पदाधिकारी ही यहा के सर्वे सर्वा हो गए है। लेकिन आम शहरवासियों के लिए उनके पास समय नहीं है। वे न तो कार्यालय में ही लोगों की समस्याओं को सुन पाते है और न ही उनकी शिकायतों का ही निष्पादन कर रहे है। शहर का विकास तथा लोगों के दिक्कत व समस्याओं की सुनवाई बड़ी समस्या बन गई है। नगर परिषद के कर्मियों को शहर के लोगों से संपर्क की न तो फुर्सत है और न ही कोई रुचि है। स्वयं कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार शहर के लोगों से खुद वास्ता नहीं रखते हैं।

## नगर परिषद ईओ की कार्यशैली में नहीं आया कोई बदलाव

राजद के नगर अध्यक्ष मुन्ना खान तथा वरिष्ठ राजद नेता रामजी सिंह यादव ने ईओ को सामंती प्रवृत्ति का पदाधिकारी करार देते हुए जनहित के मुद्दे पर तत्परता से कार्रवाई करने का सलाह दी थी। फिर भी कार्यपालक पदाधिकारी की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि नगर परिषद के प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह को यह नहीं मालूम कि नगर परिषद का सरकारी मोबाइल नंबर क्या है। कार्यालय कर्मी मंजर हुसैन तथा मुमताज शेख को भी नहीं मालूम कि नगर परिषद कार्यालय का सरकारी मोबाइल नंबर क्या है।

## ईओ का निजी नंबर किसी को मालूम नहीं, कैसे होगी बात

लोगों के पास सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि किसी को कार्यपालक पदाधिकारी तक अपनी बात पहुंचानी हो, तो वो किस माध्यम से उनसे संपर्क कैसे करें। कारण की कार्यपालक पदाधिकारी का निजी नंबर किसी को मालूम नहीं और यदि कोई नंबर जुगाड़ कर कॉल भी करे, तो वो फोन रिसीव करते नहीं है। कार्यालय में आने पर किसी से मुलाकात नहीं करते हैं। बोर्ड भंग होने के बाद वार्ड पार्षद से मिलना तथा उनकी शिकायतों का सुनना कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बंद कर दिया गया है। ऐसे में शहर के लोग अपनी समस्या कहां रखें और किसे बताएं यह बड़ा सवाल बन गया है।

## खबरें फटाफट

### जेडीयू नेता को महिला बना फोटो किया वायरल

**नावानगर।** जदयू अनुसूचित जाति के प्रदेश महा सचिव भृगुनाथ रजक को महिला बना कर फोटो को एक व्हाट्सऐप ग्रुप में डाला गया है। इसको लेकर फोटो डालने वाले, फोटो का समर्थन करने वाले और ग्रुप एडमिन पर सिकरौल थाना में दलित एक्ट व आईटी एक्ट तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। सिकरौल थाना को दिये गये आवेदन में जदयू अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव ने लिखा है कि जदयू ब्रह्मपुर प्रखंड ग्रुप में उनका फोटो महिला का बना कर उसपर भृगुनाथ देवी उर्फ लालिमा देवी लिख कर डॉ. बिनोद ठाकुर द्वारा पोस्ट किया गया है। जिस पर जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यानन्द कुशवाहा ने भी अपनी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। इसको लेकर डॉ.बिनोद ठाकुर, सत्यानंद कुशवाहा और ग्रुप एडमिन कुमार जितेंद्र उर्फ संतोष चौधरी पर सिकरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### साइबर अपराधियों ने जवान के खाते से उड़ाए 99 हजार

**डुमरांव।** जिले के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के हथेलीपुर मठिया गांव के रहने वाले एक आर्मी जवान के खाते से 99 हजार की राशि गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। आर्मी जवान कॉल आने के बाद बताये गये ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया था। जिसके बाद उसके खाते से राशि निकाले जाने का मैसेज आया। जिसके बाद उसे स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। पीड़ित ओपी थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी मुन्नीलाल गिरी के पुत्र दिनेश कुमार बताया जाता है। दिये गये आवेदन में उसने बताया है कि उसके मोबाइल पर दो नम्बरों से कॉल आया कि गाड़ी ट्रांसफर कराना है, तो मेरे भेजे गये ऐप को डाउनलोड करने से हो जायेगा। पीड़ित ने ऐसा ही किया। इसके 24 घंटे बाद ही उसके खाते से राशि निकासी कर ली गयी।

### विशेष शिविर लगा मतदाता सूची में जोड़ा गया नाम

**केसठ।** सोमवार को केसठ प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर शिविर लगा बीलओ द्वारा मतदाता सूची में छूटे लोगों का नाम जोड़ा गया। यह शिविर विशेष पुनरीक्षण के तहत लगाया गया था। जिसमें बीलओ प्रपत्र 6, 7, 8 के साथ मौजूद थे। शिविर के दौरान सभी बूथों पर बड़ी संख्या में लोगों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अपना आवेदन जमा किए। वही बीएलओ द्वारा मृतकों तथा बाहर रहने वाले लोगों के नाम सूची से बाहर करने तथा नाम सुधारने आदि को लेकर विभिन्न फॉर्म के माध्यम से आवेदन लिए गए। इस संबंध में नोडल बीएलओ ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी बीएलओ द्वारा प्राप्त आवेदनों को जमा कराया गया है। हालांकि मानदेय नहीं मिलने से प्रखंड के सभी बीएलओ में नाराजगी दिखी। बीएलओ अखिलेश कुमार सहित अन्य बीएलओ ने बताया की वर्ष 2021 से मानदेय की राशि नही मिल रहा है।

## क्राइम मीटिंग में बक्सर एसपी के तेवर गर्म... सभी थानेदारों की जमकर लगाई क्लास

# एसपी ने थानेदारों को दी चेतावनी, बोले राजनीतिक दबाव में आकर न करें कार्रवाई

- एसपी ने दिया निर्देश-सर्दियों की रात में पुलिस गश्त लगातार जारी रहेगी
- जेल से छूटे शराब तस्करों और अपराधियों पर पैनी नजर बनाए रखें
- थानाध्यक्षों के खिलाफ लापरवाही की शिकायत आने पर किए जाएंगे सस्पेंड


डुमरांव थाना में क्राइम मीटिंग करते एसपी, थानेदार व अन्य

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों से गत दिनों पुलिसिया अनुसंधान के क्रम में पक्षपात करने की शिकायतों को जिले के पुलिस कप्तान ने गंभीरता से लिया है। इसका नजारा सोमवार को डुमरांव थाना में आयोजित अनुमंडल स्तरीय क्राइम मीटिंग में देखने को मिला। जिसमें एसपी नीरज कुमार सिंह ने सख्ती दिखाते हुए थानेदारों को चेतावनी भी दी है। मीटिंग में एसपी नीरज कुमार सिंह पुलिस की उपलब्धि का ग्राफ नीचे खिसकने पर पहले से नाराज थे। सूत्रों की मानें तो समीक्षा के दौरान कई थानाध्यक्षों की जमकर क्लास लगाई गई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिसिया कार्रवाई में जातीय रंग नहीं होना चाहिए। किसी कानून के तहत ही पुलिस को कोई भी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, जानकारों का कहना है कि डुमरांव थाना इस आरोप से अछूता नहीं है। थाना में केस दर्ज नहीं किया जाना तथा जमीन विवाद मामलों में मोटी कमाई का चस्का के साथ स्वजातीय दलाल का थाना पर मजबूत पकड़ की चर्चा आम है। सिमरी, ब्रह्मपुर, कृष्णाब्रह्म तथा मुरार थानाध्यक्षों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उनकी भी क्लास लगाई गई।

### बाइक चोरी पर लगाम लगाने का सख्त निर्देश

कोरानसराय मादक पदार्थों की तस्करी तो नवानगर थाना में स्प्रिट की बिक्री भी पुलिस की साख को प्रभावित कर रहा है। अमसारी की घटना में नाराजगी जताते हुए एसपी नीरज कुमार सिंह ने मीटिंग में स्पष्ट कर दिया कि पुलिस की इस प्रकार की कार्यशैली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी के कड़े तेवर देख ठंड के मौसम में कई थानाध्यक्षों के पसीने छूटने लगे। एसपी ने सभी को सख्त निर्देश दिया कि सर्दियों की रात में पुलिस गश्त लगातार जारी रहेगी। बाइक चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने का सख्त निर्देश दिया गया।

### चौकीदार की निगरानी में रहेंगे अभियुक्त

एसपी ने कहा कि सभी थाना के हाजत में बंद रहने वाले अभियुक्तों पर चौकीदार की निगरानी होगी। पिछले दिनों कोरान सराय थाना में थाना में बंद कैदी द्वारा गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में हुई पुलिस की फजीहत से बचने के लिए एसपी ने यह निर्देश दिया है। सूत्र का कहना है कि 3 दिन पूर्व अनुमंडल क्षेत्र के एक थाना की हाजत में बंद कैदी द्वारा कोरानसराय की तर्ज पर आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी मिल गई और दुर्घटना होते होते रह गई।

### एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की गहनता से होगी जांच

**डुमरांव।** क्राइम मीटिंग के बाद एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि कोरानसराय थाना कांड के बाद अनुमंडल के अंतर्गत सभी थानों में एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराए गए मामलों की समीक्षा की गई है। इन मामलों की गहनता से जांच की जाएगी। ताकि, किसी बेकसुर को सजा न हो सके। उन्होंने बताया कि रेप, हत्या, लूट, चोरी सहित सभी आपराधिक मामलों में तुरंत गिरफ्तारी की गई है। वहीं, बाइक चोरी की एक घटना का डिडेक्शन, फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी, जेल से छूटे शराब तस्करों और अपराधियों की पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, थानाध्यक्षों को चेतावनी दी गई है कि यदि उनके खिलाफ लापरवाही की शिकायतें आती रहीं, तो संबंधित थानाध्यक्ष पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा। पुलिस की कार्यशैली में सुधार के लिए किसी तरह का समझौता नहीं होगा।

## एक नजर

### असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, विरोध में सड़क जाम



**बक्सर।** बक्सर में एक बार फिर से बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया है। इस बार असमाजिक तत्वों ने बक्सर शहर के व्यस्ततम माने जाने वाले अंबेडकर चौक पर लगी बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा के दाहिने हाथ की अंगुली को तोड़ दिया है। शाम करीब छह बजे जैसे ही किसी की नजर प्रतिमा की टूटी हुई अंगुली पर पड़ी तो कानो कान यह खबर पूरे शहर में फैल गई। देखते ही देखते वहा सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने संविधान निमार्ता की प्रतिमा तोड़ने वालों को चिन्हित कर उन्हें कड़ी सजा देने की मांग पर स्टेशन रोड को जाम कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक बक्सर का स्टेशन रोड आक्रोशित लोगों के कब्जें में रहा। इधर पुलिस प्रशासन लोगों को समझा बुझा कार्रवाई का आश्वासन दे रही थी। गौरतलब है कि इसके पहले डुमरांव के महरौरा मोड़ के पास भी बाबा साहेब की प्रतिमा तोड़ी गई थी। बाबा साहेब जैसे महापुरूष की मूर्ति तोड़े जाने से लोगों में गहरा आक्रोश है। वही शहर के मुख्य मार्ग में सड़क जाम किए जाने से टैजफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। संवाद संप्रेषण तक लोग सड़क जाम कर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे।

### पावर लिफ्टिंग के राष्ट्रीय पदक विजेता संतोष दूबे का हृदयघात से हुआ निधन



**बक्सर।** पावर लिफ्टिंग के सहारे जिले का नाम रोशन करने वाले राष्ट्रीय पदक विजेता तथा कोच रह चुके संतोष कुमार दुबे का निधन हो गया है। डुमरांव प्रखंड के लाखनडिहरा गांव निवासी संतोष दूबे को रविवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर हार्ट अटैक आया। वर्ष 2012 में उनकी नौकरी खेल कोटा से पटना समाहरणालय संवर्ग के कर्मी के रूप में हुई थी। वे डीसीएलआर कार्यालय मसौढ़ी में कार्यरत थे। चरित्रवन के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि इकलौते पुत्र उज्जेश भारद्वाज ने दी। बक्सर समाहरणालय में कार्यरत सुबोध कुमार तथा बंगाल पुलिस में कार्यरत मोनू कुमार ने बताया कि वह बिहार में पावरलिफ्टिंग के बादशाह माने जाते थे। नौकरी के पहले बक्सर में उन्होंने बाबा मल्टी जिम का संचालन किया था। उनके सानिध्य में कई खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और जिले तथा प्रदेश का नाम पावरलिफ्टिंग में रोशन किया।

### कतिकनार पंचायत में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच की

**केसठ।** पीएम आवास योजना की राशि लेकर मकान नहीं बनवाने वालों पर कार्रवाई होना तय है। इस पर प्रखंड प्रशासन काफी सख्त हो गया है। सोमवार को केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कतिकनार पंचायत में पीएम आवास योजना के सतही स्थित का जायजा लिया। इस दौरान सुस्त गति से निर्माण कार्य करने वाले लाभुकों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का आदेश दिया। राशि प्राप्त होने बाद अभी तक निर्माण कार्य नहीं शुरू करने वाले लोगों को अबिलम्ब कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि कतिकनार पंचायत के 10 लाभुकों के आवास निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी लाभुकों ने निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। वहीं जो अभी तक कार्य शुरू नही किए है उनको 10 दिन का समय दिए। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के तीनों पंचायतों के वैसे लाभुक जो पैसा लेकर आवास का निर्माण नहीं करा रहे है उनसे राशि की रिकवरी भी करवाई जाएगी। मौके पर प्रभात रंजन, आवास सहायक उमेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शराब उगलने लगी कोलिया ताल की उर्वर भूमि, देख कर भौचक हुई पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**



कोलिया ताल की भूमि काफी उर्वर मानी जाती है। किसानों के लिए यह भूमि वरदान साबित होती है। खासकर इस जमीन में रबी फसलों का उत्पादन बेहतर होता है, लेकिन अब इस जमीन का नाम फसलों के उत्पादन के साथ ही शराब उत्पादन से भी जुड़ गया है। रविवार की शाम सिमरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जब कोलिया ताल में छापेमारी किया तो वहा एक के बाद एक करीब दो दर्जन की संख्या में शराब की भट्ठियों को देख पुलिस खुद भौचक हो गई थी। इस दौरान पुलिस ने सभी भट्ठियों को ध्वस्त करने के साथ ही वहा से मौजूद तीन हजार अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। जबकि भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए।

बताया जाता है कि पुलिस को ऐसी सूचना मिली थी कि कोलिया ताल में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से शराब का निर्माण किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर कोलिया ताल इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। सैकड़ों एकड़ में फैले इस कोलिया ताल में जगह जगह शराब की भट्ठिया सुलग रही थी। पुलिस ने सभी भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि कोलिया ताल थाना तथा सड़क मार्ग से दूर एकांत व शांत क्षेत्र में स्थित है। जिस कारण वहा कभी पुलिस टीम नहीं पहुंचती है। यही कारण है कि शराब तस्करों द्वारा इस जगह को अपने कारोबार के लिए मुफिद माना जा रहा था।

## राजद नेता के भाई के मौत की गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंची पुलिस

- दोस्त ने खोले राज, आत्महत्या की तरफ इशारा कर रहे सूत्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल मुख्यालय के वरिष्ठ राजद नेता अखिलेश सिंह के भाई व जमीन व्यवसायी अभय कुमार सिंह उर्फ राहुल के मौत की गुत्थी सुलझाने के करीब पुलिस पहुंच गई है। सूत्रों की मानें तो मृतक के एक करीबी दोस्त ने पुलिस के समक्ष उसकी मौत के राज उगले है। सूत्रों की मानें तो राहुल की हत्या नहीं हुई थी बल्कि उसने आत्महत्या की थी। सूत्रों की मानें तो राहुल के करीबी दोस्त ने पुलिस के एक वरीय पदाधिकारी को बताया कि शव के पास जो देशी कट्टा बरामद हुआ था वह उसके पास पन्द्रह दिन पहले से था। वह इस कट्टे को लोगों को धमकाने तथा फंसाने की नियत से रखा था।

सूत्रों ने बताया कि उस पर लोगों द्वारा लगातार पैसे लौटाने का दबाव बनाया जा रहा था। वह किसी को फंसाने के लिए खुद के कट्टे से अपने बाह पर गोली चलाना चाहता था। लेकिन गलती से कट्टा बाह के बदले सीने की तरफ मुड़ गया था। हालांकि इस मामले में पुलिस अभी कुछ भी स्पष्ट बताने से इंकार कर रही है। माना जा रहा है कि जल्दी ही पुलिस इस मामले को मीडिया के समक्ष रखेगी। गौरतलब है कि चौदह नवंबर को भोजपुर राजवाहा मार्ग पर टेढ़की पुल व खलवा ईनार के पास राहुल का खून से लथपथ शव पाया गया था। गौरतलब है कि केशव टाइम्स ने पहले ही राहुल की मौत को आत्महत्या से जोड़ खबर प्रकाशित किया था।

## कुष्ठ को साधारण बीमारी समझने की न करें भूल, मरीज को आजीवन करना पड़ता है परेशानियों का सामना

# सही समय पर कुष्ठ का इलाज शुरू होने से होगा दिव्यांगता से बचाव

- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग की जांच के साथ इलाज की भी निःशुल्क व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**


मरीज की जांच करते पीएमडब्ल्यू

गंभीर बीमारियों को नजर अंदाज करना मरीजों के लिए काफी नुकसान देह साबित हो सकता है। गंभीर से गंभीर बीमारी का भी इलाज संभव है, यदि उसका समय पर इलाज शुरू किया जाए। ऐसी ही एक गंभीर बीमारी है कुष्ठ। जिसे पूर्व में लोग अभिशाप मानते हैं। जिसके मरीज शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपने आप को कमजोर मानने लगते हैं। लेकिन लोगों को यह समझना होगा कि दिव्यांगता केवल जन्म के समय नहीं होती है। कई ऐसी बीमारियां भी हैं, जिनको नजरअंदाज करने से मरीज दिव्यांग भी हो सकता है। इन्हीं में से एक बीमारी है कुष्ठ। जिसका सही समय पर इलाज नहीं शुरू किया गया, तो बाद में यह लाइलाज हो जाता है। जिसके बाद मरीज को आजीवन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोग समय पर कुष्ठ का इलाज करा सकें, इसके लिये सरकार जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग की जांच के साथ उसका इलाज भी निःशुल्क प्रदान कराती है।

**कुष्ठ बीमारी का पूर्ण इलाज सम्भव :** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, कुष्ठ का रोग एक कीटाणु से होता है, जिसका नाम माइक्रो बैक्टीरियम लेप्री है। इस बैक्टेरिया द्वारा रोगी की त्वचा पर स्पर्श करते हुए, उन्हें संक्रमण का शिकार बना लिया जाता है। कुष्ठ की पहचान बिल्कुल आसानी से हो सकती है। चमड़े पर किसी तरह का दाग या धब्बा जिसमें दर्द या खुजली नहीं होती हो और यह निशान जन्म से ही नहीं हो तो यह कुष्ठ रोग का प्रारंभिक लक्षण हो सकता है। उन्होंने बताया, कुष्ठ बीमारी का पूर्ण इलाज सम्भव है। समय से इलाज कराने से यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके इलाज के लिए एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) का उपयोग किया जाता है। एमडीटी की पूरी खुराक नियमानुसार सेवन करने के बाद कोई भी कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति सामान्य इंसान जैसा हो सकता है।

**तीन माह के इलाज में ही दिखने लगा फर्क :** सदर प्रखंड के दलसागर पंचायत स्थित बेलाऊर गांव के निवासी विरेंद्र पासवान के 26 वर्षीय बेटे संजीव कुमार कुष्ठ के ग्रेड टू स्टेज के मरीज हैं। तीन माह पहले गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकताओं ने जांच के क्रम में कुष्ठ के लक्षण पाए। जिसके बाद उन्हें जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां पारा मेडिकल वर्कर ने उनकी जांच कर कुष्ठ की पुष्टि की। कुष्ठ के कारण संजीव के दाहिने हाथ का अलनर वेन प्रभावित हुआ है। साथ ही, त्वचा पर धब्बों के साथ सेंशरी लॉस भी है। लेकिन, वो लगातार तीन माह का नियमित दवाओं का सेवन कर रहे हैं। जिसके कारण अब उनकी स्थिति में पहले से सुधार हुआ है। संजीव ने कहा कि पहले वो इसे त्वचा की सामान्य बीमारी समझते थे। लेकिन, धीरे धीरे परेशानी बढ़ने लगी। इलाज के बाद उन्हें थोड़ी थोड़ी राहत मिलने लगी है।

## एक नजर

### नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला में 1104 मरीजों का हुआ इलाज



**बलिया।** भृगु मंदिर के प्रांगण में मंडलीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन सांसद वीरेन्द्र मस्त ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सांसद ने मंडलीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेला का आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। लोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रति विश्वास है। उन्होंने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सोनबरसा को सीएचसी सोनबरसा अस्पताल के भवन में व्यवस्थित ढंग से स्थापित करने की बात कही। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश गोड ने कहा कि आम लोगों तक होम्योपैथिक चिकित्सा का इलाज आसानी से पहुंच सके इसके लिए समय-समय पर नि:शुल्क चिकित्सा मेला का आयोजन आगे भी समय-समय पर होता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी होम्योपैथिक चिकित्सालय पर पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध है जिसका लाभ आप ले सकते हैं। चिकित्सा मेला में 1104 लोगों ने नि:शुल्क चिकित्सा का लाभ लिया। चिकित्सा मेला में डॉक्टर विमलेश कुमार पांडे, डॉ. शंकर यादव, डॉ. बृजेश कुमार भारती, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. नित्यानंद यादव, डॉ. उदय राज, फार्मासिस्ट सुरेश कुमार पांडेय व परमानंद वर्मा ने मरीजों का इलाज किया वह दवाएं वितरित की आशीष चौधरी सही कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत, सात जख्मी



**गाजीपुर।** जिले के कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 306 चैनेज के सामने पिकअप ने कार में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार बच्चे की मौत हो गई, वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस से सभी घायलों को मऊ में भर्ती कराया गया है। एक पुरुष और एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि बक्सर के कटटर गांव निवासी हरिद्वार सिंह के पुत्र रामेश्वर सिंह(42) परिवार संग कार से लखनऊ जा रहे थे। कार में राकेश सिंह(33), शुचिता(35) पत्नी रामेश्वर सिंह, यीशु (7) पुत्री रामेश्वर सिंह, 6 माह का पुत्र रामेश्वर सिंह सवार थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 306 चैनेज के सामने विपरीत दिशा से आ रही पिकअप ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार 6 माह के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राकेश, रामेश्वर सिंह, सुचिता, यीशु और पिकअप में सवार अखिलेश यादव(27) सहित दो बच्चे व एक महिला घायल हो गई। जबकि पिकप चालक फरार हो गया। पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने घायलों को जिला अस्पताल मऊ पहुंचाया, जहां एक पुरुष और एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है

### नगर निकायों में आरक्षण की सूची जारी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के नगर निकायों में आरक्षण की पूरी लिस्ट जारी हो गई है। लिस्ट जारी होने के साथ ही नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में आरक्षण सूची की तस्वीर साफ हो गई है। नगर पालिका परिषद बलिया का अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित हो गया है। वहीं नगर पालिका परिषद रसड़ा का अध्यक्ष पद अनारक्षित है। जिले की दस नगर पंचायत के अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण की स्थिति साफ हो गई है। नगर पंचायत रेवती, नगर पंचायत बेल्थरारोड, नगर पंचायत रतसड़ कला,नगर पंचायत बांसडीह,नगर पंचायत मनियर,नगर पंचायत सहतवार के अध्यक्ष पद अनारक्षित है। नगर पंचायत चितबड़ागांव तथा नगर पंचायत सिकंदरपुर का अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित हो गया है। वही नगर पंचायत बैरिया तथा नगर पंचायत नगर का अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है।

### थाने का निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी



**मऊ।** डीआईजी अखिलेश कुमार ने जनपद के रानीपुर थाने का निरीक्षण सोमवार को किया। थाने पर पहुचने पर सबसे पहले समाली दी गई डीआईजी अखिलेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान बैरक, आरक्षी बैरक में बने शौचालय, मेस, बैरक, परिसर में खड़ी सीज वाहनों का निरीक्षण, थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष,शस्त्र निरीक्षण,दंगा नियंत्रण यंत्र पहनाकर रीहसल,महिला हेल्फ डेस्क,पुरुष बंदी गृह, महिला बैरक,अपराध रजिस्टर नम्बर चार और आठ, मालखाना रजिस्टर, बिट सूचना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, सहित आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय, एडिशनल एसपी टीएन त्रिपाठी, सीओ डॉ. अजय विक्रम सिंह मोहमदाबाद, थानाध्यक्ष राजेश कुमार प्रभाकर सहित समस्त थाना स्टाप मौजूद रहे।

### अनुपस्थित प्रधानाध्यापक हुए निलंबित



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कंपोजिट विद्यालय, ब्राह्मणपुरा का निरीक्षण किया। जहां कक्षा एक से लेकर आठ तक मात्र 42 बच्चे पंजीकृत हैं। जिनमें से 18 बच्चे उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान बच्चों को अभी तक किताबें उपलब्ध न होने पर उन्होंने संबंधित अध्यापकों को कड़ी फटकार लगाते हुए इसे तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा बच्चों के पास यूनिफॉर्म जूते, बैग एवं स्वेटर भी नहीं होने पर उन्होंने इसके लिए अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को उपलब्ध कराने को कहा। कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से भी संवाद किया एवं उनके सीखने के स्तर को जाना। अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय में कायाकल्प के तहत अभी तक कोई कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण किया, जहां पर मेन्यू के हिसाब से भोजन नहीं बना था। इसके साथ ही भोजन निर्माण सामग्री भी गुणवत्तापूर्ण नहीं थी।

# प्रदर्शनी: आकर्षण का केंद्र रहा ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा तैयार कम्प्यूटर

- मांउट लिट्रा जी स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन
- प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के 200 से अधिक मॉडल्स व क्राफ्ट मटीरियल्स प्रदर्शित किए गए

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



प्रदर्शनी में सोलर प्लांट मैनेजमेंट का मॉडल प्रदर्शित करता छात्र



प्रदर्शनी में अलार्म सस्टिम प्रदर्शित करता छात्र

शिक्षा की सार्वभौमिकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा की उत्कृष्ट प्रणाली प्रस्तुत करने में अग्रसर, नवीन शैक्षिक पद्धति प्रस्तुत करने में प्रयासरत शहर के बंधवा पीरनगर स्थित मांउट लिट्रा जी स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को किया गया। जैसा कि पूरी दुनिया में बच्चों को प्रोत्साहित एवं उनके उत्साह को विकसित किया जा रहा है। उसी क्रम में माउंट लिट्रा जी स्कूल द्वारा भी पहल की गई। आयोजन के शुरुआत में मांउट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के दो सौ से अधिक मॉडल्स व क्राफ्ट मटीरियल्स प्रदर्शित किए गए।

प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण के रुप में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा तैयार किए गये कम्प्युटर के प्रोजेक्ट, लैंड एण्ड एनर्जी कंजर्वेशन, हाईड्रो इलेक्ट्रिसिटी, ड्रीमसिटी, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जीव-विज्ञान पर आधारित बैरन के पाट्र्स, एम्ब्रीयो डेवलपमेंट ब्लड सरकुलेट्री सिस्टम ई-लाइब्रेरी, डोर सिक्योर्टी अलार्म, फायर अलार्म, डोर बेल व 20वीं सदी के मांउट लिट्रा जी स्कूल के अद्भुत मॉडल्स प्रदर्शित किए गए। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने अपनी क्षमता एवं दक्षता का बेहतर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के शिल्प कला, हस्थ कला एवं वैज्ञानिक चेतना का विकास किया गया। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ अन्य स्कूलों के बच्चों एवं अभिभावकों ने भी भाग लिया। बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स एवं आर्ट एंड क्राफ्ट को देखकर उपस्थित लोगो ने जमकर सराहना की।

### सतीश चंद्र कॉलेज में अराजकता के विरुद्ध शैक्षणिक परिसर में सातवें दिन भी जारी रहा धरना

# शिक्षकों ने दी चेतावनी... अराजक तत्वों पर कार्रवाई नहीं हुई तो ठप कर देंगे सभी संस्थान

- समाज के विभिन्न वर्गों से शिक्षकों को मिला समर्थन
- मुख्यमंत्री और राज्यपाल से वार्ता कर मामले को उठाने की कही गई बात

**केटी न्यूज/बलिया**



धरना पर बैठे शिक्षक व कर्मचारीगण

सतीश चंद्र कॉलेज में अराजकता के विरुद्ध शैक्षणिक परिसर में जारी धरना सातवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरने में जनपद मुख्यालय के शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ बलिया जनपद के साहित्यकार और संस्कृतिकर्मी भी शामिल हुए। धरने में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर, साहित्यकार डॉ. जनार्दन राय और चर्चित संस्कृतिकर्मी आशीष त्रिवेदी भी धरने में शामिल हुए और जनपद में शैक्षणिक माहौल बहाल करने के लिए जारी धरने को अपना पुरजोर समर्थन दिया। अमिताभ ठाकुर ने शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों को धरने पर बैठने के लिए विवश करने के लिए और उनकी मांगों को अनसुना करने के लिए जिला प्रशासन की आलोचना की। साथ ही, उन्होंने जनपद में अराजक तत्वों के विरुद्ध जनपद में जन जागरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया। जनकुऑक्टा के पदाधिकारियों द्वारा जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति को पत्र सौंपकर इस मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर समाधान निकालने का भी अनुरोध किया गया। धरना में यह निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो धरनारत शिक्षक कर्मचारी जनपद के समस्त प्राथमिक- माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों और सरकारी कार्यालयों को बंद करने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने धरनारत शिक्षकों से की वार्ता:** जिलाधिकारी की ओर से धरनारत शिक्षक एवं कर्मचारियों से वार्ता करने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर भेजा गया। जिसमें नगर क्षेत्राधिकारी, नगर कोतवाल एवं एसडीएम सदर शामिल थे। शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा उक्त प्रतिनिधिमंडल को आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए और प्रतिनिधिमंडल ने यह आश्वासन भी दिया कि जिला प्रशासन इस मामले में शीघ्र उचित कार्यवाही करेगा। फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान और महामंत्री प्रदीप सिंह ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए सतीश चंद्र कॉलेज में चल रहे धरने को अपना समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल से वार्ता कर इस मामले को उठाने की बात कही है।

डॉक्टर जनार्दन राय की अध्यक्षता में सोमवार को धरने में माध्यमिक शिक्षक संघ के अरविंद राय, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अजय यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ और अधिकार मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के राजेश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ (सोहांव ब्लॉक) के अध्यक्ष तुषारकांत राय, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद (पूर्वांचल क्षेत्र) के अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे।

### सरकारी काम में बाधा व तोड़फोड़ मामले में बीएसपी सांसद कोर्ट में पेश

**गाजीपुर।** बहुजन समाज पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी एक पुराने मामले में गाजीपुर के सीजेएम न्यायालय में अपने अधिवक्ताओं के साथ पेश हुए, जहां अदालती कार्रवाई के बाद सांसद अफजाल अंसारी ने भी पत्रकारों से वार्ता के दौरान कोर्ट पेशी की पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार को अदालत में बीते साल 2001 के पुराने मुकदमे में पेश हुआ था।

जिसमें न्यायालय ने अगली तारीख 12 दिसंबर लगाई है, उन्होंने बताया कि देश की न्याय व्यवस्था पर उन्हें पूरा भरोसा है, बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मेरे ऊपर जो गैंगस्टर का मामला चल रहा है वो साल 2005 का है उसमें मैं न्यायालय से बरी हो चुका हूं और उसी मुकदमे को गैंगेस्टर कोर्ट में यहां फिर से चलाया जा रहा है, जिसका कि कोई अब कोई भी आधार ही नहीं ह। उन्होंने बताया कि यह मुकदमा आधारहीन है, इसके खिलाफ में हाई कोर्ट भी गया हूं, जहां आगामी 14 दिसंबर को कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है और जल्द ही वहां से फैसले की उम्मीद है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच नवली गांव के कार्यवाहक प्रधान का हुआ चयन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के रेवतीपुर ब्लॉक के नवली ग्राम पंचायत में सोमवार को डीएम आर्यका अखौरी के निर्देश पर कार्यवाहक प्रधान के चयन के लिए पंचायत भवन में कड़ी सुरक्षा के बीच एडीओ पंचायत कौशल किशोर एवं सचिव सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सदस्यों की दस दिन के अंदर दूसरी बैठक आहूत किया गया।

जिसमें कुल 15 सदस्यों में से आठ सदस्य मौजूद रहे। जिसमें मौजूद सदस्यों ने वार्ड नंम्बर 15 से सदस्य मुंशी राजभर को सर्वसम्मति से कार्यवाहक प्रधान का चयन किया। सुबह ग्यारह बजे से एक तक चली यह पूरी प्रक्रिया वीडियो कैमरे की नजर से होकर गुजरी। सदस्यों के द्वारा कार्यवाहक प्रधान के चयन की प्रक्रिया होने के बाद डीएम के निर्देश पर गठित दो सदस्यीय टीम के द्वारा चयन की घोषणा करते ही एक पक्ष में जहां खुशी की लहर व्याप्त हो गई, वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने बुलाई गई। बैठक पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि बैठक की सूचना उन्हें नहीं दी गई। जिस पर गठित टीम ने आरोप को बेबुनियाद बताया। एडीओ पंचायत कौशल किशोर ने बताया कि नवली गांव में वर्ष 2014 में महुआ के पेड़ को लेकर एक महिला की हत्या हो गई थी। जिसमें विगत अक्टूबर माह में न्यायालय ने मामलें में आरोपी व नवली ग्राम प्रधान जमशेद राईनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जिसके बाद से ही यह पद रिक्त चल रहा था। 28 नवंबर को डीएम के निर्देश पर कार्यवाहक प्रधान के चयन के लिए सदस्यों की बैठक बुलाई गई।

### विद्युत कर्मचारियों ने मनाया विजय दिवस

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने लाला दरवाजा पावर हाउस पर सोमवार को एक बैठक किया। जिसमें विद्युत कर्मियों की पूरी मांग सरकार द्वारा मान लिए जाने की खुशी में विजय दिवस कर्मचारियों संग मनाया गया। जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तानाशाह चेयरमैन एम देवराज के खिलाफ और संविदा कर्मियों को नियमित करने, अभियंताओ के शोषण के खिलाफ संघर्ष समिति के आह्वान पर विशाल कार्यक्रम करके ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री के सलाहकार सचिव के हस्तक्षेप के बाद हम लोगों ने अपने कार्यक्रम अगले 15 दिनों के लिए स्थगित किया है। अगर इस समझौते का अमल नहीं किया गया तो एक बार पुन: नई ऊर्जा के साथ समस्त विद्युत कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## अजनेरा में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के खेजूरी थाना क्षेत्र के अजनेरा गांव में सोमवार की भोर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक की मामी सोनी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक खेजूरी ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि रेनू देवी पुत्री यदुवंशी राजभर निवासी मनियर दियारा टुकड़ा नंबर दो की शादी खेजूरी थाना क्षेत्र के अजनेरा निवासी भीम राजभर पुत्र तिरंगी राजभर के साथ बीते 11 मइ को हुई थी। रेनू देवी और भीम राजभर के बीच पहले से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार वालों के दबाव पर दोनों परिवारों की रजामंदी से शादी संपन्न हुई। चार महीने तक आपसी संबंध ठीक ठाक था बाद में पति भीम राजभर ने रेनु को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत रेनू ने अपने परिवार वालों से की। फिर काफी समझाने बुझाने के बाद मामला ठंडा पड़ गया। लेकिन सोमवार के दिन उसके पति भीम राजभरब ने इतना प्रताड़ित किया कि वह चल बसी। प्रथम दृश्या पुलिस का कहना है कि उसके शरीर पर चोट के निशान है और गर्दन भी सुजा हुआ था सूचना पर पहुंची खेजुरी पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। और जांच पड़ताल में जुट गयी। चूंकि रेनू देवी के पिता यदुवंशी राजभर चुनार में किसी कंपनी में कार्यरत हैं तथा लड़की का भाई अहमदाबाद में कार्यरत है ऐसी स्थिति में रेनू देवी की मामी सोनी देवी ने भीम राजभर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए खेजूरी थाने को दी थी, जिस पर प्रभारी निरीक्षक खेजूरी बिन्देश्वर मिश्रा ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सकलेनाबाद में 24 लाख की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण

- नगर में बिना भेदभाव के किया गया बहुमुखी विकास : कृष्णबिहारी
- जनता के सुगम यातायात के लिए यह सड़कों को किया गया सुपुर्द : ईओ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद मुख्यालय के वार्ड नंबर 17 के सकलेनाबाद (विश्वकर्मा गली) में नवनिर्मित इंटरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्णबिहारी राय, काशीक्षेत्र की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। कृष्णबिहारी राय ने कहा कि नगर में बिना भेदभाव के जिस प्रकार का बहुमुखी विकास किया गया है, वह अद्भुत है। पूरे नगर क्षेत्र में विकास कार्य खूब हुआ है और हो भी रहा है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनको विकास पसंद नहीं है। उदूर्बाजार में नजूल की जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराकर जनता को समर्पित कर यह संदेश दिया गया है कि नगर पालिका जो भाजपा की है वह गरीब, मजदूर, शोषित, दलितो के हित में ह्यअन्तोदयह्न को केन्द्र बिन्दु मानकर कार्य कर रही है।

**नगर में हुआ अभूतपूर्व विकास का काम :** नगर पालिका के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सरोज कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी की नपा की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल को नगर की जनता ने आशीर्वाद दिया उसके बाद एक कुशल गृहणी होने बावजूद भी जिस प्रकार नगर के विकास के लिए कृत संकल्पित रही है, वह सराहनीय हैं। भाजपा नेता रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि नगर में अभूतपूर्व विकास का काम हुआ है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि इस सड़क का लोकार्पण कर यहां की जनता को अच्छी एवं सुगम यातायात हेतु यह सड़क सुपुर्द किया गया है।

**आमलोगों से की गई सहयोग की अपील :** पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि वार्ड नं. 17 सकलेनाबाद में ज्ञान मोहन गुप्ता के मकान से अंजनी श्रीवास्तव के मकान होते हुए रामधारी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व सड़क के दोनों तरफ ढक्कनयुक्त नाली निर्माण लगभग 24 लाख की लागत से बनी सड़क को लोकार्पित किया गया है। मौके पर अवकाश प्राप्त प्रवक्ता व्यासमुनि राय, अधिवक्ता शिवमूरत पाल, अधिवक्ता अंजनी श्रीवास्तव, भोला यादव, अमरनाथ दुबे, निर्गुणदास केशरी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष विजयशंकर वर्मा, क्षेत्रीय सभासद श्रीमती सरिता गुप्ता, दिनेश बिन्द ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. टीएन गुप्ता एवं संचालन सभासद प्रतिनिधि अशोक मौर्या, स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाश वर्मा, वीर बहादुर सिंह, नवनीत गुप्ता, राजेंद्र विश्वकर्मा, रामवृक्ष, जिउत पाल, श्रीमती आशा मिश्रा आदि उपस्थित थे।